हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, मंगलवार, 2 जनवरी 2024

11 विद्यार्थियों ने बेतहरीन प्रस्तुति देते हुए दर्शकों का मन मोहा




12 मलिकपुर और सिवाना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



# नव वर्ष के जश्न में झूम उठा शहर, जमकर हुई आतिशबाजी, धार्मिक कार्यक्रम भी हुए आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नव वर्ष का जश्न युवाओं ने खूब धूमधाम से मनाया। रात 12 बजते ही युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की और हैप्पी न्यू ईयर के गाने बजाकर मस्ती की। वहीं नव वर्ष के उपलक्ष्य में शहर में धार्मिक आयोजन भी हुए। लोगों ने मंदिरों में रात्रि जागरण में भाग लेते हुए सभी की सुख समृद्धि की कामना की। शहर के अंबेडकर चौक पर बाबा श्याम खाटू मंदिर में रात्रि जागरण में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और बाबा के भजनों पर भाव विभोर होते हुए खूब नृत्य किया। इसके अलावा एसपी डॉ. अर्पित जैन ने देर रात तक नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ नव वर्ष मनाया और उन्हें मिठाई खिलाते हुए उत्साहवर्द्धन किया।

- एसपी ने देर रात तक नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ नव वर्ष मनाया





झज्जर। बाबा श्याम खाटू मंदिर में जागरण में उपस्थित श्रद्धालु, नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को मिठाई खिलाते हुए एसपी डॉक्टर अर्पित जैन।

## नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को खिलाई मिठाई

रविवार देर रात एसपी डॉक्टर अर्पित जैन शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सड़कों पर उतरें। उन्होंने लगाए गए नाकों, पीसीआर व राइडर को चैक किया। वहीं ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए मिठाई भी खिलाई और नव वर्ष की शुभकामनाएं की।

## 70 वाहन चालकों के किए चालान

पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा यातायात नियमों की अवहेलना करने पर 70 वाहनों के चालान किए गए। जिनमें से बिना नंबर प्लेट के करीब 25 वाहन भी शामिल है। जबकि अवैध हथियारों के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए पांच आरोपियों को 53700 रुपये की नगदी के साथ पकड़ा गया। पकड़े गए सभी आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार संबंधित थानों में अलग-अलग मामले दर्ज करते हुए नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।

## वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टिव टेप



बहादुरगढ़। सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सोमवार को बहादुरगढ़ के नाहरा नाहरी रोड, झज्जर रोड व दिल्ली रोहतक रोड सहित विभिन्न स्थानों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का विशेष अभियान चलाया गया। यातायात पुलिस समन्वयक सत्यप्रकाश के अनुसार इस अभियान के तहत करीब 40 ट्रेक्टर-ट्रालियों, टेंकरों व अन्य वाहनों पर मुफ्त में रिफ्लेक्टिव टेप लगाई गई। साथ ही वाहन चालकों नियमों का पालन करने के प्रति जागरुक किया। आरएसओ सलाहकार सतीश शर्मा ने कोहरे में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि वाहन अपनी लेन बदलने से पहले और ओवरटेक करते समय इंडीकेटर का प्रयोग अवश्य करें।

## नवकार महिला मंडल ने मनाया नव वर्ष



बहादुरगढ़। नवकार महिमा मंडल व जैन समाज सेक्टर-6 द्वारा नव वर्ष महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नवकार महिमा मंडल की सदस्यों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में जैन समाज द्वारा समाज के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करने से पहले भगवान दिगंबर का झंडा स्थापित किया गया। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक पवन जैन, संयोजक डॉ. पंकज जैन व अध्यक्ष दीपक जैन ने समाज के लोगों को सदैव समाज हित के कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा व सहयोग करना जैन समाज की सदैव से ही सोच रही है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नवीन जैन, कोषाध्यक्ष प्रवीण जैन, सचिव आशीष जैन, सहसचिव अभिषेक जैन, मोना जैन, नीतिका जैन व पूजा जैन आदि मौजूद रहे।

## ठंड का दिखा असर, दिनभर लोग रहे अलाव की शरण में

झज्जर। दिनों-दिन ठंड बढ़ती ही जा रही है। सोमवार दिनभर आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रही। जिसके चलते तापमान में गिरावट आ गई और अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं ठंड से बचने के लिए लोग अलाव की शरण में रहे। शहर के विभिन्न बाजारों व चौक चौराहों पर दुकानदार आग सेंकते हुए दिखाई दिए। बढ़ती ठंड का असर बाजार पर भी दिखाई दिया। बाजार में ग्राहकों की आवाजहीं ना के बराबर ही रही। दोपहर बाद बाजार में कुछ रौनक हुई लेकिन सांय ढलते ही एक बार फिर बाजार में सन्नाटा पसर गया और दुकानदार भी अन्य दिनों की अपेक्षा अपनी दुकानें जल्द बंद कर अपने घरों की ओर रवाना हो गए।

## नए साल पर आरजे ने 2152 लोगों को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। नव वर्ष के अवसर पर राजेश जून के कार्यालय में मकर संक्रांति सम्मान समारोह की शुरूआत हुई। यह कार्यक्रम लगातार 20 जनवरी तक चलेगा। इसके शुभारंभ अवसर पर सोमवार को राजेश जून और उनकी धर्मपत्नी सुनीता ने 2152 पुरुषों व महिलाओं को शॉल भेंटकर सम्मानित किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश जून ने कहा कि त्यौहार भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता-समरसता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी और सभी धर्मों के लोगों को मिलकर अपने त्यौहार मनाने चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी लोगों से समर्थन देने की अपील करते हुए कहा कि बहादुरगढ़ का चहुंमुखी विकास करवाना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि चुनाव के बाद कांग्रेस की सरकार बनेगी और लोगों का जीवनस्तर फिर से सुधरेगा।



बहादुरगढ़। सम्मान समारोह के दौरान लोगों के साथ राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते पांच आरोपी किए गिरफ्तार

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा द्वितीय ने जुआ खेलते पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। सीआईए-2 प्रभारी विवेक मलिक के अनुसार कश्मीरी कॉलोनी में छापा मारकर जुआ खेलते पांच लोगों को काबू किया। उनके पास से 53 हजार 700 रुपये बरामद हुए। आरोपियों की पहचान प्रेमचंद निवासी रामनगर, दिनेश निवासी शास्त्री नगर, श्याम निवासी महावीर पार्क तथा सूरज व ठाकुरदास निवासी आर्य नगर के रूप में हुई है।

### अवैध हथियार सहित दो काबू

बहादुरगढ़। पुलिस की अपराध जांच शाखा द्वितीय ने अवैध हथियार सहित दो लोगों को काबू किया है। एक आरोपी को सिद्दीपुर से काबू किया। इसकी पहचान पारिक के रूप में हुई है। इससे देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी ओमेक्स का रहने वाला है। इसके खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज हुआ है। जबकि दूसरे आरोपी को लाइनपार मे फ्लाईओवर के नीचे से काबू किया। इसकी पहचान योगेश के रूप में हुई। इससे भी देशी पिस्तौल बरामद हुई। इसके खिलाफ लाइनपार थाने में केस दर्ज हुआ है।

### संकल्प दिवस मनाते हुए किया हवन

बहादुरगढ़। सोमवार को डीएवी विद्यालय के प्रांगण में नव वर्ष को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर हवन किया गया। जिसमें यज्ञ ब्रह्मा प्रिंसिपल राजदीप कुलश्रेष्ठ रहे। इस अवसर आर्य ब्रह्मजीत छिकारा, ईश्वर आर्य, जयपाल दहिया, हरिओम दलाल, सतपाल वत्स, बिजेंद्र खोखर, महताब सिंह व अमित शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

### कुलासी में मातृशक्ति को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। जिला पार्षद रविंद्र छिल्लर बराही द्वारा सोमवार को कुलासी गांव में मातृशक्ति सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर हवा सिंह प्रधान, राजेश खत्री, पूर्व प्रधान शमशेर खत्री, जापान खत्री, कृष्ण खत्री, अमित खत्री, सुरेंद्र खत्री, सुमेर खत्री व नरेंद्र खत्री मौजूद रहे।

### सेवानिवृत्त हुए देवेंद्र को किया सम्मान

बहादुरगढ़। डॉ अंबेडकर फाउंडेशन सांखोल ने दिल्ली सरकार में 30 साल की सेवाएं देने के उपरांत सेवानिवृत्त हुए देवेंद्र सिंह का गांव सांखोल में स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर पूर्व राजदूत आजाद सिंह तुर, फाउंडेशन अध्यक्ष निहाल सिंह तंवर, सचिव प्रदीप तंवर, पार्षद रजनीश मोनू, राकेश पंवार, मास्टर सुखबीर सरोहा, करण सिंह, रण सिंह तुर, कृष्ण तंवर, राजेंद्र सभरवाल, ओमप्रकाश तंवर, सुंदर राठी, सुजल तंवर मौजूद रहे।

# 25 साल बाद सलाखों के पीछे पहुंचे महेंद्र के हत्यारोपी

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

हत्या के मामले में करीब 25 साल से फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए-2 की टीम ने एक आरोपी को पंजाब से तो दूसरे को गुरुग्राम से काबू किया है। इन पर पांच-पांच हजार का इनाम रखा गया था।

- 1998 में हुई थी सिलाना के निवासी महेंद्र की हत्या, एक आरोपी पंजाब तो दूसरा गुरुग्राम से काबू, दोनों पर था 5-5 हजार रुपये का इनाम

दरअसल, 11 अगस्त 1998 को सिलाना गांव की बणी में एक व्यक्ति की लाश मिली थी। मृतक की पहचान बदायूं के निवासी महेंद्र के रूप में हुई थी। महेंद्र सोनीपत के हरसाना कलां स्थित एक मशरूम फार्म में काम करता था। महेंद्र के साथ उसके गांव के जयराम, अमर, सुखराज व वीरपाल आदि भी काम करते थे। इन्हीं चारों पर हत्या का केस दर्ज हुआ था। करीब छह महीने बाद जयराम और उसके भाई अमर सिंह को पुलिस ने काबू किया था लेकिन सुखराज तथा वीरपाल हत्थे नहीं चढ़ सके थे। इसलिए रोहतक रेंज के पुलिस महानिदेशक की ओर से दोनों पर पांच-पांच हजार का इनाम घोषित किया गया। डीएसपी शमशेर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक डॉ. अर्पित जैन ने करीब महीना भर पहले आरोपियों को गिरफ्तार करने का जिम्मा बहादुरगढ़ सीआईए-2 के इंस्पेक्टर विवेक मलिक की टीम को सौंपा था।



बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में दोनों हत्यारोपी।

### गला घोंटकर की हत्या

आरोपियों से खुलासा हुआ कि महेंद्र नशे का आदी था और उनसे मारपीट करता था। इसलिए योजना बनाकर महेंद्र को बहाने से झज्जर के सिलाना गांव की बणी में ले गए और वहां पर अंगोछे से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी थी। अमर सिंह और जयराम पहले झज्जर जिले में काम करके गए हुए थे। इसलिए वह सिलाना इलाके से अच्छी तरह से वाकिफ थे। वारदात के बाद सभी लोग अलग-अलग जगह पर अंडरग्राउंड हो गए थे। जिनमें से अमरपाल व जयराम को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया था लेकिन वीरपाल और सुखराज गिरफ्तारी से बचे रहे। फिलहाल, वीरपाल करीब आठ साल से पंजाब के होशियारपुर में नर्सरी पर काम करता था और सुखराज करीब चार साल से गुरुग्राम के न्यू पालम विहार की एक सोसाइटी में माली का काम कर रहा था

# ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों ने किया रोष प्रदर्शन

## हिट एंड रन कानून को लेकर हड़ताल पर रहे ट्रक एवं प्राइवेट बस चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

सरकार द्वारा लागू किए गए नए कानून हिट एंड रन के विरोध में सोमवार को क्षेत्र की विभिन्न ट्रक एवं निजी बस यूनियनों के संचालक व चालक हड़ताल पर रहे। ट्रक यूनियन पदाधिकारियों व सदस्यों ने जहां सब्जी मंडी के निकट मैदान में एकत्रित होकर विरोध जताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की वहीं निजी बस संचालकों व चालकों ने भी स्थानीय बस स्टैंड पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान भाईचारा ट्रक ऑपरेटर वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान मंगल गुलिया ने सरकार द्वारा बनाया गया यह नया कानून ट्रक मालिकों व प्राइवेट वाहन चालकों के लिए काला कानून है। सरकार को इसे तुरंत प्रभाव से वापस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिट एंड रन केस में यदि गलती से किसी ट्रक या बस चालक से कोई दुर्घटना हो जाती है तो चालक इसलिए मौके से भाग निकलता है ताकि उसकी जान बच सके। अब नए कानून के अंतर्गत यदि चालक घायल व्यक्ति को छोड़कर मौके से भागता है तो उसे अधिकतम दस वर्ष की कैद व सात लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि यह कानून वाहन चालकों के खिलाफ अन्याय है। उन्होंने कहा कि ट्रक यूनियन भारत की अर्थ व्यवस्था में अहम भूमिका निभाते हैं लेकिन सरकार ट्रक मालिकों व ड्राइवरों को राहत देने की बजाए उन्हें आर्थक व मानसिक रूप से परेशान करना चाहती है। जिसे ट्रक यूनियन सहन नही करेंगी। उन्होंने बताया कि उनका यह विरोध तीन जनवरी तक जारी रहेगा तथा इस संबंध में उपायुक्त को भी ज्ञापन देकर कानून को रद्द किए जाने की मांग की जाएगी। इस दौरान बीनू, राजेश, कृष्ण कुमार, धर्मवीर, सुनील, सतीश आदि ने भी संबोधित किया।

- सरकार से नए कानून को तुरंत प्रभाव से वापस लेने की मांग की



झज्जर। हिट एंड रन कानून के विरोध में एकत्रित ट्रक यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**मांगों को लेकर डिपो संचालक भी रहे हड़ताल पर:** उधर, विभिन्न मांगों को लेकर डिपो संचालक भी हड़ताल पर रहे। डिपो संचालकों का कहना है कि दो सौ रुपये प्रति क्विंटल कमीशन वृद्धि से उनकी आमदनी तो बढ़ाई गई है, उपभोक्ताओं की संख्या आधी करने के कारण परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि उनकी हड़ताल एक पखवाड़े तक जारी रहेगी।

### कई प्राइवेट बसें नहीं आई

बहादुरगढ़। सड़क दुर्घटना कानून का ड्राइवर लगातार विरोध कर रहे हैं। सोमवार को प्रदेशभर में कई जगह निजी बस ऑप्ररेटर्स ने हड़ताल की। बहादुरगढ़ में तो चालकों ने हड़ताल नहीं की लेकिन दूसरी जगह हुई हड़ताल का असर यहां थोड़ा बहुत जरूर देखने को मिला। बताते हैं कि सोनीपत, खरखोदा से यहां दर्जनभर निजी बसें रोजाना आती हैं। सोमवार की दोपहर को वहां की बसें यहां बहादुरगढ़ में देखने को नहीं मिली। इस वजह से चालकों को दूसरे वाहनों या रोडवेज बसों के माध्यम से आना जाना पड़ा। यहां के निजी बस ऑपरेटर फिलहाल हड़ताल में शामिल नहीं हो रहे लेकिन उनमें सड़क दुर्घटना कानून के प्रति नाराजगी जरूर है।

नियमों से परेशान

सोमवार को बहादुरगढ़ इलाके में राशन डिपो नहीं खुले

# डिपो होल्डरों ने हड़ताल के साथ की नए साल की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

नए साल की शुरुआत के साथ ही राशन डिपो होल्डर हड़ताल पर चले गए हैं। सोमवार को बहादुरगढ़ इलाके में राशन डिपो नहीं खुले। डिपो होल्डर सरकार द्वारा वर्ष 2022 में जारी किए गए नियमों से परेशान हैं और इनको बदलने की मांग उठा रहे हैं। मांग पूरी होने तक हड़ताल जारी रखने का एलान किया है। ऐसे में जब डिपो होल्डरों की हड़ताल जारी रहेगी, तब तक बहादुरगढ़ के दो लाख से अधिक पात्र राशन से वंचित रहेंगे।

इस प्रदेशव्यापी हड़ताल का बहादुरगढ़ के डिपो होल्डरों ने पूर्ण समर्थन किया है। यहां के डिपो होल्डरों ने अपनी दुकानें नहीं खोली। बहादुरगढ़ में लगभग 53 हजार बीपीएल कार्ड और पौने 1500 बीपीएल कार्ड है। इनके जरिये दो लाख से अधिक लोग रजिस्टर्ड हैं। सरकार की योजना के अनुसार, इन्हें अनाज मिलता है। एक से लेकर 15 तारीख तक राशन वितरण किया जाता है।



बहादुरगढ़। हड़ताल के कारण सोमवार को बंद रहे राशन डिपो। फोटो : हरिभूमि

### डिपो होल्डरों के हितों को नजरंदाज किया गया

अधिकांश डिपो पर सप्लाई आ चुकी है लेकिन वितरण से पहले ही हड़ताल शुरू हो गई है। जब तक हड़ताल जारी रहती है, राशन वितरण नहीं हो पाएगा। ऐसे में बहादुरगढ़ के दो लाख से अधिक लोग हड़ताल खत्म होने तक राशन से वंचित रह सकते हैं। डिपो एसोसिएशन के प्रधान अनूप सिंह ने कहा कि वर्ष 2022 में जो नियम बनाए गए, उनमें डिपो होल्डरों के हितों को नजरंदाज किया गया है। बेशक सरकार ने मार्जन मनी बढ़ाई लेकिन उनके काम को कम किया जा रहा है। पहले एक डिपो पर 600 से 1200 कार्ड होल्डर थे लेकिन अब नए नियम के अनुसार प्रत्येक 300 कार्ड पर डिपो की व्यवस्था होगी। यदि ऐसा होता है तो काम बिलकुल खत्म हो जाएगा। इसके अलावा जनसंख्या के हिसाब से सप्लाई बढ़ाने की दरकार है लेकिन कटौती की जा रही है। सरकार की योजना के मुताबिक, देश का कोई भी नागरिक कहीं से भी राशन ले सकता है। बहादुरगढ़ में प्रवासी लोगों की तादाद अधिक है। चूंकि सरकार ने गेहूं की मात्रा कम कर दी है तो ऐसे प्रवासी परिवारों को अधिक दिक्कतें होंगी। दरअसल, यहां गेहूं और बाजरा लोगों को दिया जाता है जबकि दूसरे कुछ प्रदेशों में बाजरा नहीं मिलता। सिस्टम के तहत इन प्रदेशों के कार्ड होल्डर्स को यहां बाजरा नहीं दे सकते। ऐसे में गेहूं की सप्लाई कम हुई है तो इन प्रवासियों पर इसका असर पड़ेगा। सरकार डिपो तथा कार्ड होल्डरों की समस्या को समझे। हमारी मांग मानी जाए। जब तक मांग नहीं पूरी होती, हड़ताल जारी रहेगी।

### बाल विवाह मुक्त अभियान चलाया

बहादुरगढ़। एमडीडी ऑफ इंडिया के झज्जर जिला समन्वयक विकास जैन के सहयोग से राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया गया। विनय, अभिनंदन व संदीप खन्ना आदि ने कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों और शिक्षकों को जागरूक किया। सभी को शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी राजेशन खन्ना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की थी। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है। हालांकि इस दिशा में सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। लेकिन इस बुराई को पूरी तरह से खत्म करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। प्रिंसिपल सुरेश चंद्र सैनी, प्रवक्ता राकेश वत्स भी इस अवसर पर मौजूद रहे।





नूतन वर्ष 2024

हम नववर्ष 2024 में नई उम्मीदों के साथ प्रवेश कर चुके हैं। सभी की यही कामना है, नया वर्ष नई कामयाबियां और ढेर सारी खुशियां दे। अगर आप वाकई इस वर्ष को सार्थक, सफल और खुशहाल बनाना चाहती हैं, तो इसके लिए आपको शुरुआत से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर, इन्हें अमल में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित होना होगा।

# नूतन वर्ष: नई उम्मीदें.. नए संकल्प

आवरण कथा / विनीता

नए साल का आगमन सभी को बहुत उत्साहित करता है। नई उम्मीदों से भरता है। अपने बेहतर भविष्य के लिए लोग मन ही मन नई योजनाएं बनाते हैं, कुछ नए संकल्प भी लेते हैं, लेकिन कुछ समय बीतने के बाद धीरे-धीरे लोगों का उत्साह ठंडा होने लगता है, वे अपने उन संकल्पों के प्रति लापरवाह हो जाते हैं, जो साल के पहले दिन लिए गए थे। फिर सब कुछ पहले की तरह मंद गति से चलने लगता है। लेकिन आप अगर नए साल के हर दिन को अपने लिए उपयोगी और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो इन बातों का विशेष ध्यान रखना होगा-

### मन से बनें मजबूत

नया साल आपके लिए बेहतर रहे, स्वस्थ रखे, कामयाबी और खुशहाली दे, इसके लिए सबसे पहले आपके मन में दृढ़ इच्छाशक्ति होनी चाहिए। अर्थात साल की शुरुआत में आप जो भी संकल्प लें, उस पर कायम रहें। भले ही आपका संकल्प बहुत बड़ा ना हो, लेकिन आप खुद से जो भी वादा करती हैं, उसे हर हाल में पूरा करने की कोशिश करें। मसलन, अगर आपने रोजाना सुबह जल्दी उठकर मॉर्निंग वॉक पर जाने का संकल्प लिया है, तो हो सकता है कि कुछ दिनों के बाद आपको सही समय पर जागने में आलस महसूस हो, फिर भी हिम्मत जुटाकर उठने की कोशिश करें। इस तरह धीरे-धीरे अभ्यास के साथ आपकी सुबह उठने की आदत हो जाएगी।



### हर हाल में रहें खुश

सभी के जीवन में उतार-चढ़ाव आते ही हैं, यह जीवनचक्र है। इस नए साल के 365 दिन आपके लिए हमेशा एक समान होंगे, ऐसा संभव नहीं है। हो सकता है भविष्य में आपके सामने कुछ ऐसी चुनौतियां या समस्याएं आएं, जिनकी वजह से कभी आपका मन चिंतित या उदास रहे। अगर आप पहले से ही इन बाधाओं का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहेंगी तो आप प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उदास-निराश नहीं होंगी। बड़े धैर्य के साथ हर मुश्किल का सामना करने में सक्षम रहेंगी। इसलिए साल की शुरुआत में खुद से यह वादा करें, 'चाहे कुछ भी हो जाए, मुझे हर हाल में खुश रहना ही है।' जब भी मन तनावग्रस्त हो, तो अपने इस संकल्प को याद करें, तो इससे आपको अपनी उदासी दूर करने में मदद मिलेगी।



### सेहत का रखें ध्यान

अगर आप जीवन में सफलता अर्जित करना चाहती हैं, तो इसके लिए सबसे पहले सेहत का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तभी आप अपने लक्ष्य तक पहुंचने की दिशा में परिश्रम कर पाएंगी। इसलिए संतुलित और पौष्टिक खान-पान अपनाएं, नियमित रूप से एक्सरसाइज और वॉक के लिए समय निकालें।

### बनें वक्त के पाबंद

जो लोग समय की कीमत पहचानते हुए इसका सदुपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। इसलिए इस वर्ष की शुरुआत से ही ठान लें कि आप अपनी दिनचर्या को इस ढंग से सुव्यवस्थित करेंगी कि आपके कीमती वक्त का एक भी पल बर्बाद ना हो। रात को सही समय पर सोने और सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। आज के कार्य को कल पर टालने की आदत से बचें। जहां तक संभव हो मोबाइल या गैजेट्स का सीमित इस्तेमाल करें, ताकि आप अपने कीमती वक्त का सही इस्तेमाल कर सकें।

### अपनी प्राथमिकताएं पहचानें

अपने कार्यों की प्राथमिकता को पहचानते हुए उन्हें उसी के अनुसार पूरा करने की कोशिश करें। जो कार्य आपके लिए ज्यादा जरूरी हों, उसे सबसे पहले पूरा करें। उसके बाद ही अन्य कार्यों पर ध्यान दें। अगर आपने इस साल के लिए कोई विशेष लक्ष्य निर्धारित किया है, तो उस पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए पूरी एकाग्रता से उस लक्ष्य को प्राप्त करने की कोशिश करें, तभी सफलता मिलेगी।

### अपना भी रखें खयाल

अंत में सबसे जरूरी बात यह है कि जीवन की तमाम जिम्मेदारियों के बीच आप स्वयं को ना भूल जाएं। अगर आप दूसरों के बीच प्यार और खुशियां बांटना चाहती हैं, तो पहले खुद से भी प्यार करना सीखें, क्योंकि जब आप स्वस्थ-प्रसन्न रहेंगी, तभी अपने करीबी लोगों का भी खयाल रख पाएंगी। अपने आराम के लिए भी थोड़ा समय निकालें और खुद के लिए भी जीना सीखें। अपनी रुचि से जुड़े उन रचनात्मक कार्यों के लिए समय जरूर निकालें, जिनसे आपको सच्ची खुशी मिलती है।

अगर आप मजबूत इरादे के साथ इन छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखेंगी, तो यह नया वर्ष निश्चित रूप से आपके लिए ढेर सारी खुशियां लेकर आएगा।

# नन्हे-मुन्नों के लिए नए रूल्स



नया साल दस्तक दे चुका है। हर एज ग्रुप के लोग कुछ खास करने की प्लानिंग कर रहे हैं। ऐसे में घर के बड़े नए साल में बेहतरी की ओर बढ़ने के रेजॉल्यूशन बनाते हुए बच्चों को भी ना भूलें। कई छोटी-छोटी बातें नए साल में नियम बनकर बालमन को भी दिशा दे सकती हैं। बच्चों को सधी हुई जीवनशैली से जोड़ सकती हैं। खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी और अच्छे बिहेवियर तक। बच्चों के लिए भी पैरेंट्स न्यू ईयर रेजॉल्यूशन जरूर बनाएं। यकीन मानिए, बच्चे भी इससे खुश होंगे।

**खूब बातें करेंगे:** नए साल में बच्चों से खूब बातें करने का नियम बनाएं। आजकल बच्चे भी गुमसुम रहने लगे हैं। ऐसे में बच्चों से स्कूल, पार्क, दोस्तों, सोसायटी और परिवार के लोगों से बातें करने का रेजॉल्यूशन बनाएं। घर के छोटे सदस्यों से कहें कि वे बड़ों के साथ अधिक से अधिक बातें साझा करने के रूल को फॉलो करें। इससे ना केवल आपसी संवाद बेहतर होगा बल्कि बच्चों के मन की उथल-पुथल भी सामने आएगी। भावनाओं और विचारों के बारे में खुलकर बतियाना कभी बड़ों को समय रहते चेता देगा तो कभी उनकी मनःस्थिति को समझाने वाला साबित होगा।



**स्क्रीन फ्री टाइम बिताएंगे :** इस एक संकल्प के बिना दूसरी एक्टिविटीज को पूरा करना मुश्किल है। बच्चों की हेल्थ को नुकसान पहुंचाने से लेकर सुरक्षा तक खतरा बनी, वर्चुअल दुनिया को दिए जा रहे समय की कटौती जरूरी है। गैजेट्स से पूरी तरह दूर नहीं हुआ जा सकता पर टाइम कम देने का रेजॉल्यूशन बनाकर हर चीज के लिए समय निकाला जा सकता है। अपनी पसंद के अनुसार कुछ नया सीखने या स्पोर्ट्स खेलने की बात हो या समय से सोने-जागने और पढ़ाई-लिखाई का नियम हो, स्मार्ट गैजेट्स की व्यस्तता बच्चों को कुछ भी समय पर नहीं करने देती।

**वीकली शेड्यूल बनाएंगे:** बच्चों के लिए हर दिन का शेड्यूल बनाना जरा मुश्किल हो सकता है। वीकली अपने रुटीन के अनुसार एक्टिविटीज करने के लिए कुछ नियम बनाए जाएं तो बहुत कुछ किया जा सकता है। पढ़ने-खेलने या मन का कुछ करने का समय मिल सकता है। वे अपनों के साथ वक्त बिता पाते हैं। यह साथ और संवाद बालमन के व्यवहार और सोच को भी दिशा देता है। अपनी पसंद की फिल्म देखने या पार्क में खेलने का वक्त निकालना भी आसान हो जाता है। हर समय उलझे रहने के बजाय हर काम का समय बंट जाने से बहुत सी गतिविधियां करने का समय निकल आता है।

**कॉमन रूल्स :** बच्चों को हंसी-खुशी जिंदगी को साधने-समझने की सीख देने वाले ऐसे रूल्स का पालन घर के बड़ों को भी करना होगा। कॉमन रूल्स की इस फेहरिस्त में साथ खाना खाने, विनम्र व्यवहार करने, एक-दूसरे का सहयोग करने, किताबें पढ़ने, आउटडोर गेम्स खेलने, सोशलाइज करने और वर्चुअल दुनिया के बजाय अपनों के साथ समय बिताने जैसे संकल्प भी जोड़े जा सकते हैं। अकसर बच्चों से पहले बड़े इन साझा संकल्पों से दूरी बना लेते हैं। नई पीढ़ी को सिखाने के लिए आपका भी उस राह पर चलना जरूरी है।

-डॉ. मोनिका शर्मा

# अपने रिश्तों को सहेजें

सलाह / सरस्वती रमेश



आज हर कोई अपनी जिंदगी में व्यस्त है। कुछ तो इतना ज्यादा व्यस्त हैं कि इनके पास अपने रिश्तेदारों क्या, परिवार के लिए भी समय नहीं है। ऐसे लोग अपनों से दूर होते जाते हैं, अकेले हो जाते हैं। यह सही नहीं है। तो क्यों ना नए साल में हमारा एक रेजॉल्यूशन यह भी हो कि इस साल अपने रिश्तों को सहेजेंगे, परिवार, रिश्तेदारों और मित्रों के बीच जाकर प्यार-मिठास घोलेंगे। हम यह जरूर समझें कि हमारे जीवन में रिश्ते क्यों अहम हैं।

**रिश्तों से आसान हो जाता है जीवन:** सबसे पहले हम यह जानें कि घर-परिवार एक ऐसी जगह है, जो हमें हमारी सभी कमियों के साथ पूरी तरह स्वीकार करता है। हमारे सुख-दुख में साथ खड़ा होकर हमारा हौसला बढ़ाता है, हमें हिम्मत देता है। परिवार और रिश्तेदारों से मिलने वाला सहयोग बेशर्त होता है और हमसे भी बदले में बेशर्त समर्पण और लगाव की कामना करता है। अगर अपने साथ हों तो सुख दोगुना हो जाता है, दुख आधा होकर मिट जाता है। जिस तरह किसी के साथ होने से सफर आसान लगता है, उसी तरह रिश्तों के साथ से जीवन आसान लगता है। किसी संकट या उलझन में फंसने से हम बच जाते हैं। तो इस नए साल में अपने रिश्तों में नई ऊष्मा भर अपनी खुशियों को दोगुना कर सकते हैं।

**रिश्ते हमें बिखरने नहीं देते :** जीवन में कई बार ऐसा कुछ घट जाता है, जब हम टूट जाते हैं, बिखर जाते हैं। हताशा-निराशा से घिरकर अपने आपको बहुत अकेला और बहुत कमजोर समझते हैं। हमें अपना भविष्य अंधकारमय लगता है। ऐसे में आर्थिक मदद से ज्यादा हमें भावनात्मक संबल की जरूरत होती है। किसी के साथ और उसके भावनात्मक सहारे के बल पर हमें घोर निराशा की स्थिति में एक आशा दिखने लगती है। उसकी संबल भरी बातों के सहारे हम कठिन से कठिन परिस्थितियों से निकल कर खड़े होने की हिम्मत जुटा पाते हैं। इसलिए अपने रिश्तों को सहेजना, उन्हें समय-समय पर प्रेम-स्नेह और लगाव के जल से सींचते हुए हरा-भरा रखना जरूरी है। ये रिश्ते ही होते हैं, जो जीवन में छायी तपती धूप में हमें अपनी शीतल छांव देकर राहत देते हैं। वास्तव में रिश्ते में हर स्थिति में संबल देते हैं। इसलिए नए साल के संकल्पों में एक संकल्प अपने रिश्ते निभाने और उन्हें गहराने का भी जरूर लें।

# तब आप रहेंगी पूरे साल हेल्दी

हेल्थ एडवाइस/ डॉ. रिचा दीवान
सीनियर फिजिशियन, सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

कल से शुरू हुए नए साल के लिए आपने कई गोल्स डिसाइड किए होंगे। इन्हें अचीव करने के लिए आपको हेल्दी-फिट रहना जरूरी है। हेल्दी-फिट आप तभी रहेंगी, जब कुछ हेल्थ रेजॉल्यूशंस को फॉलो करेंगी।

आप जरूर चाहेंगी कि शुरू हुए नए साल में आप हेल्दी रहें ताकि पूरी एनर्जी के साथ अपने टार्गेट्स को पाने का प्रयास कर सकें। इसके लिए आपको अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ रूल्स को फॉलो करना होगा।

**फ्रेश-हेल्दी डाइट :** हेल्दी रहने के लिए आप घर का बना खाना ही खाएं, क्योंकि घर में बनाए खाने में अधिक न्यूट्रिएंट्स होते हैं। इस बात का ध्यान रखें कि आपकी डाइट में सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन, कार्ब्स, विटामिंस और मिनरल्स उपस्थित हों। बहुत ज्यादा फैटी, स्पाइसी और ऑयली फूड्स खाने से बचें। आप अगर फिगर-कॉन्शस हैं तो भी स्लिम दिखने के लिए कीटो डाइट, लो कार्बोहाइड्रेट डाइट या मेडिटेरेनियन जैसी डाइट को बिना किसी एक्सपर्ट एडवाइस के फॉलो ना करें। इसके बजाय न्यूट्रिशस और बैलेंस्ड डाइट लेना फायदेमंद होगा। हेल्दी रहने के लिए खाने की प्लेट को ज्यादा से ज्यादा कलरफुल बनाएं यानी उसमें कई रंगों की सब्जियां शामिल करें। डेली सीजनल और फ्रेश फ्रूट्स खाने की हैबिट भी बहुत यूजफुल है। इसके अलावा जंक फूड, स्ट्रीट फूड, पैक्ड फूड और हर तरह के फास्ट फूड्स अवॉयड करें। ऑन द स्पॉट कुकिंग के नाम पर मिलने वाले ज्यादातर स्ट्रीट फूड बासी होते हैं, जिन्हें गर्म करके सर्व करने पर उनकी पौष्टिकता कम हो जाती है। चारकोल पर बने ग्रिल्ड फूड खाने में भले ही अच्छे लगें, कार्बनयुक्त धुएं की वजह से ये हेल्थ के लिए नुकसानदायक होते हैं। प्रीजर्वेटिव युक्त इंस्टेंट फूड्स से परहेज करना भी जरूरी है।



**डिटॉक्सीनेशन:** रोजाना कम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं। दिन में एकाध बार एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ग्रीन टी, हर्बल टी या सुबह खाली पेट डिटॉक्स वॉटर भी ले सकती हैं। ये ना केवल आपके शरीर से फ्री रेडिकल्स यानी टॉक्सिक मैटर को बाहर निकाल कर आपको स्वस्थ रखने में मदद करता है, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को सुचारु रूप से चलाने में मदद भी करता है। पानी की कमी या डिहाइड्रेशन होने पर चिड़चिड़ापन, कंसंट्रेशन में कमी आती है और तनाव भी बढ़ता है। लेकिन लिक्विड के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक्स, डाइट ड्रिंक्स या एनर्जी ड्रिंक्स को अवॉयड करें। इनमें मौजूद प्रीजर्वेटिव और एसिडिक तत्व डाइजेस्टिव सिस्टम को नुकसान पहुंचाते हैं। इनके बजाय नीबू पानी, नारियल पानी या बिना चीनी के फ्रूट जूस पीना बेहतर है।

**फिजिकल एक्टिविटी :** अधिकतर वर्किंग और घरेलू महिलाएं बिजी रहने की वजह से अपनी फिटनेस को इग्नोर करती हैं। लंबे समय तक फिट और एक्टिव बने रहने के लिए कितनी भी बिजी रहें एक्सरसाइज के लिए कुछ टाइम जरूर निकालें। कुछ हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं कि लंबे समय तक बैठे रहना, सिगरेट पीने जितना खतरनाक होता है। इसलिए जरूरी है कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठ कर काम ना करें, ब्रेक लेती रहें। स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज या कमरे में वॉक तो कर ही सकती हैं। सुबह या शाम वॉकिंग और एक्सरसाइज जरूर करें।

**रेग्युलर मेडिटेशन:** रोज सुबह कम से कम 10 मिनट मेडिटेशन जरूर करें। इससे आप स्ट्रेस से दूर रहेंगी। आपकी याददाश्त तेज होगी और आप दिन भर के लिए पॉजिटिव सोच से भर जाएंगी। मेडिटेशन करने से ब्रेन पॉजिटिव हार्मोंस रिलीज करता है, जो शरीर में एंटी एजिंग और एंटी डिजीज वाइब्स का संचार करता है। यह मेंटल हेल्थ को इंप्रूव कर ब्रेन पॉवर और मेमोरी को भी बूस्ट करता है। इम्यून सिस्टम को सुचारु रूप से चलाने में मदद करता है और कई मानसिक समस्याओं को दूर करने में मदद करता है।

**फिक्स स्लीप टाइम:** इस साल हेल्दी रहने के लिए देर रात तक जागने के बजाय जल्दी सोने का खुद से प्रॉमिस करें। अच्छी हेल्थ के लिए रात में फिक्स टाइम पर सोना और जल्दी उठना बहुत कारगर है।

इस तरह यहां दिए गए एडवाइसेस को फॉलो करने से ना केवल इस पूरे साल बल्कि आने वाले कई साल तक आप हेल्दी-फिट रहेंगी।

प्रस्तुति : रजनी अरोड़ा

# इस साल क्या होंगे मेकअप-ब्यूटी ट्रेंड्स

मेकओवर-2024
पूजा गोयल, ब्यूटी एक्सपर्ट

नया साल शुरू होते ही यंग वूमेन और कॉलेज गोइंग गर्ल्स में खासतौर पर इस बात को जानने को लेकर काफी क्रेज रहता है कि मेकअप और ब्यूटी में क्या कुछ ट्रेंड करेगा? इसीलिए हम यहां बता रहे हैं इस साल ट्रेंड में रहने वाले ब्यूटी-मेकअप ट्रेंड के बारे में।

साल 2024 शुरू हो चुका है। जिस तरह साल बदलते ही हमारी लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है, उसी तरह मेकअप और ब्यूटी ट्रेंड में भी बहुत कुछ चेंज देखने को मिलता है। अगर आप भी अपने लुक को लेकर कॉन्शस रहती हैं तो इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री के ट्रेंड्स के बारे में जरूर जानना चाहेंगी। आइए जानते हैं इस साल के ब्यूटी इंडस्ट्री में मेकअप, स्किन केयर और हेयर स्टाइल में आने वाले अपकमिंग ट्रेंड्स के बारे में।





### स्किन केयर

इस साल स्किन केयर के लिए होम मेड प्रोडक्ट्स अधिक इस्तेमाल किए जाएंगे। स्किन की खूबसूरती बरकरार रखने के लिए केमिकल बेस्ड प्रोडक्ट्स यूज करने के बजाय नेचुरल प्रोडक्ट्स से बनी हर्बल बेस्ड प्रोडक्ट का ट्रेंड रहेगा। स्किन को हाइड्रेट रखने के लिए सीरम का इस्तेमाल अधिक किया जाएगा।

### मेकअप ट्रेंड

अगर इस साल के मेकअप ट्रेंड की बात करें तो यह आपकी पसंद पर निर्भर करेगा। अगर आपको लाइट मेकअप करना पसंद है तो न्यूड मेकअप फॉलो कर सकती हैं, क्योंकि इस साल न्यूड मेकअप लुक जैसे चिक टिंट, लिपस्टिक और कलर आई पेंसिल का इस्तेमाल करके इजी मेकअप लुक ट्रेंड में होगा। इसे ऑफिस और डेली यूज में अप्लाई किया जा सकता है। वहीं टीनएज गर्ल्स की बात करें तो उनके लिए ग्राफिक आई मेकअप, फ्लोटिंग आई लाइनर और कलरफुल आई मेकअप का भी ट्रेंड रहेगा। इस तरह



ट्रेंड भी करेगा। इसके अलावा मेकअप ट्रेंड में ग्लॉसी मेकअप और स्मोकी आइज लुक को भी काफी पसंद किया जाएगा। इस साल कम प्रोडक्ट यूज करने वाले मेकअप के मेकअप, पार्टी लुक के लिए परफेक्ट रहेंगे। इसके अलावा प्रेस नेल्स या स्टिक ऑन नेल्स का भी चलन होगा। आईब्रोज के लिए आईब्रो एक्सटेंशन को काफी पसंद किया जाएगा। साथ ही नेचुरल प्रोडक्ट्स बेस्ड मेकअप लुक ट्रेंड में बना रहेगा।

### हेयर स्टाइल ट्रेंड

इस साल हेयर स्टाइल में बन हेयर स्टाइल, ब्रेड चोटी हेयर स्टाइल का ट्रेंड काफी चलेगा। ये हेयर स्टाइल्स, वेस्टर्न और इंडियन दोनों तरह के ड्रेसअप लुक के साथ ट्राई किए जा सकते हैं। साथ ही ओपन स्लीक हेयर स्टाइल को भी काफी पसंद किया जाएगा। इन स्टाइल्स के साथ अलग-अलग तरह के हेयर एसेसरीज भी ट्रेंड करेंगे। इन्हें भी आप ट्राई कर सकती हैं। वहीं हेयर केयर में बालों की ग्रोथ के लिए एलोवेरा जैल, तुलसी और नारियल तेल जैसे घरेलू नुस्खे भी ट्रेंड करेंगे।

प्रस्तुति : ललिता गोयल

## खबर संक्षेप



झज्जर। एनसीसी कैडेट्स महाविद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

### एनसीसी कैडेट्स ने प्रशिक्षण शिविर में जीते पुरस्कार

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय की चार छात्राओं ने आठ हरियाणा बटालियन एनसीसी, रेवाड़ी के तत्वावधान में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दड़ौली में आयोजित इस कैंप में चार प्रतिस्पर्धाओं में छात्राओं ने पुरस्कार जीते। सौ मीटर दौड़ में टीना ने द्वितीय, स्नेहा एवं मुस्कान ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में क्रमशः प्रथम और द्वितीय तथा टग ऑफ वॉर में चारों छात्राओं की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता। कॉलेज पहुंचने पर प्राचार्य डॉक्टर दलबीर सिंह ने छात्राओं को बधाई दी और इसी तरह के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट श्रीकिशन चाहर और लेफ्टिनेंट डॉक्टर कविता मौजूद रहे।

### विद्यार्थियों ने बेतहरीन प्रस्तुति देते हुए दर्शकों का मन मोहा

# यज्ञ हवन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से किया नव वर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नव वर्ष के उपलक्ष्य में इंडो अमेरिकन स्कूल में यज्ञ-हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर हवन में आहुति डालते हुए सर्वमंगल की कामना की। नव वर्ष के स्वागत में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने बेतहरीन प्रस्तुति देते हुए दर्शकों का मन मोहा। दूसरी व तीसरी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से नूतन वर्ष में पूरी होने वाली उम्मीदों का संदेश दिया। निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में अच्छी आदतों को अपनाने तथा कमियों को दूर करने का संकल्प लें। इसके अलावा सफलता पाने के लिए सदैव प्रयासरत रहें।




झज्जर। नव वर्ष के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।



विद्यार्थियों के साथ यज्ञ हवन में भाग लेते हुए निदेशक सोमबीर कोडान व शिक्षक।

#### शिक्षकों व विद्यार्थियों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

झज्जर। एमआर स्मार्ट वर्ल्ड प्री-स्कूल में नव वर्ष के उपलक्ष्य में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रमुख आदर्श मिश्रा के साथ शिक्षकों मिलकर हनुमान चालीसा पाठ में भाग लिया। शीतकालीन अवकाश के कारण विद्यार्थियों को विडियों के माध्यम से भी जोड़ा गया। इसके अलावा एमआर स्कूल हसनपुर में आयोजित यज्ञ-हवन कार्यक्रम में निदेशक सोमबीर कोडान ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ मिलकर आहुति डालते हुए सभी के बेहतर स्वास्थ्य व प्रगति की कामना की।

# युवाओं को किया नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक



झज्जर। प्राइमरी हेल्थ सेंटर में स्वास्थ्यकर्मियों के साथ स्वीटी मलिक।


हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक ने करीब एक सौ किलोमीटर साइकिल यात्रा करते हुए रोहतक व झज्जर जिले के युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरुक किया। उन्होंने दोनों जिलों के विभिन्न गांवों में पहुंच युवाओं को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया। स्वीटी मलिक के दुजाना गांव के प्राइमरी हेल्थ सेंटर पहुंचने पर डेंटल सर्जन डॉक्टर गुलशन कुमार, आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर बरखा, फार्मासिस्ट अजय कुमार, नर्सिंग ऑफिसर सुमन देवी, डेंटल असिस्टेंट अशोक कुमार, राधेश्याम, सुदेश कुमारी आदि द्वारा उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान हेल्थ इंस्पेक्टर रविंद्र मलिक ने बताया कि स्वीटी पिछले कई वर्षों से साइकिल यात्रा करते हुए लोगों को जल संरक्षण, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण सुरक्षा, ड्रग फ्री भारत, स्वास्थ्य आदि के लिए जागरुकता यात्रा कर चुकी है। उसने अब तक न केवल करीब पचास हजार किलोमीटर की साइकिल की है बल्कि कई साइकिल दौड़ में भागीदारी करते हुए भी मेडल जीते हैं। इस प्रदर्शन के आधार पर उसे हरियाणा सरकार द्वारा स्पोर्ट्स वूमेन ऑफ द हरियाणा 2021-22 अवार्ड देकर सम्मानित किया जा चुका है।

# गोल्ड मेडल विजेता गर्वित अहलावत का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

झारखंड के गोडा में आयोजित जूनियर फास्ट 5 नेटबाल नेशनल चैंपियनशिप में जिले के खिलाड़ी गर्वित अहलावत ने गोल्ड मेडल हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। गर्वित की इस उपलब्धि पर जयहिंद कालोनी में हुए एक अभिनंदन समारोह का आयोजन कर उसे सम्मानित किया गया। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह, कैप्टन उमेद सिंह, पार्षद दिनेश छिक्कारा, पार्षद हिमांशु, पार्षद यशपाल कुक्कू, पार्षद मिथुन शर्मा, प्रवीण गर्ग, शिशुपाल मलिक, जयसिंह, कमल सैनी आदि ने फूलमाला पहनाकर उसका अभिनंदन करते हुए कहा कि खेलों में भागीदारी करने से जहां शरीर तंदरुस्त रहता है अपने परिवार व क्षेत्र का नाम चमकाने का मौका भी मिलता है। युवाओं को चाहिए कि वे अधिक से अधिक खेलों में भाग लें तथा पदक जीत कर अपने जिले व प्रदेश का गौरव बढ़ाएं। अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की रूचि के अनुसार उन्हें खेलों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। मुख्यातिथियों द्वारा गर्वित के कोच सचिन कौशिक व राहुल दलाल की भी सराहना की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन अध्यापक संजय शर्मा द्वारा किया गया।



झज्जर। गर्वित को सम्मानित करते हुए नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी व अन्य।

# संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का भी कांग्रेस करती है अपमान : सैनी

- डबल इंजन की सरकार को हरियाणा की सभी दस लोकसभा सीटें जीताकर देने का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी ने कहा है कि कांग्रेस का न तो संवैधानिक संस्थाओं पर और न ही न्यायालय पर विश्वास रहा है। यहीं वजह है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का भी अपमान करने से नहीं चूकते है। उनका इशारा उपराष्ट्रपति की पिछले दिनों टीएमसी सांसद द्वारा मिमिक्री करने और राहुल गांधी द्वारा उसका वीडियो बनाने की तरफ था। नायब सैनी सोमवार को कस्बा बेरी में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में हरियाणा की सभी दसों सीटें जीतवा कर डबल इंजन की सरकार को सौंपने का काम यहां के लोग करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की परिपाटी रही है कि कांग्रेस आम जनता को लाइन में खड़ा करने में विश्वास रखती है जबकि भाजपा लाइन की बजाय लोगों को घर बैठे उनकी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि बगैर किसी भेदभाव के मोदी-मनोहर की जोड़ी ने देश व प्रदेश का विकास किया है। सीएम मनोहर लाल ने स्वयं अपने पहरे में केंद्रीय योजनाओं को लागू कराने का काम किया है। इस दौरान सांसद डॉक्टर अरविंद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष विक्रम कादियान सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी। फोटो :हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### राज्य स्तरीय कहानी लेखन में अभिषेक तृतीय

झज्जर। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के सेरामिक इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष के छात्र अभिषेक ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कहानी लेखन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर संस्थान प्राचार्य दिगपाल सिंह ने अभिषेक को पुरस्कृत करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर सेरामिक इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष अश्वनी तायल, सतेंद्र वशिष्ठ व इकबाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। छात्र अभिषेक को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य दिगपाल सिंह व अन्य।

### पुलिस चौकी में हुआ हवन

बहादुरगढ़। नव वर्ष के उपलक्ष्य में सोमवार को इलाके में कई जगह सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रम हुए। एचएल सिटी चौकी परिसर में यज्ञ का आयोजन हुआ। चौकी प्रभारी रवींद्र मलिक तथा आसपास के गांवों सरपंच, पूर्व सरपंचों और पुलिस कर्मियों ने यज्ञ में आहुति डालकर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। अमित जून, संजय यादव, प्रमोद सिंह, रोहताश, रवींद्र, जयभगवान, नवीन, नरेश, मंजीत, धर्मवीर, अनिल, राकेश, संजीव, सुंदर सैनी, कुलबीर, ऋषि, सुरेंद्र सहित कई लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर रवींद्र मलिक ने कहा कि यज्ञ हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है। यज्ञ से सकारात्मक उर्जा का संचार होता है।



बहादुरगढ़। यज्ञ में आहुति डालते पुलिस कर्मचारी व अन्य।

### नव वर्ष पर हवन के साथ हुए भजन

बहादुरगढ़। सोमवार को सार्थक सेवा समिति ने सेक्टर-9ए के कम्युनिटी सेंटर में हवन के साथ नए साल की शुरुआत की। अध्यक्ष एनएस कपूर ने इस मौके पर दो भजन भी सुनाए। सुनील कुमार, करतार सिंह तूर, आरके वशिष्ट आदि ने भी भजन सुनाए। इस मौके पर एसएम पाल, हरिचंद रोझा, विरेंद्र रोहिल्ला, आरके सुनामी, आरके तहलान, सोमपाल, धर्मेंद्र सैनी, वजीर सिंह दहिया, ज्ञान सिंह सैनी, सुदेश संडोजा, राम रति मलिक, डॉ. अंजू गुप्ता, राजबाला, संतोष सैनी, सुभाष चंद्र गर्ग, रणधीर सिंह तूर, एलडी मल्होत्रा, गौरव अरोड़ा, रविंद्र , जगबीर ग्रेवाल व शिव कुमार जांगड़ा आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते समिति सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### मीटर लगने पर जताया एसडीई का आभार

बहादुरगढ़। सेक्टर-9ए में स्थित प्राचीन शिव शक्ति मंदिर में नया मीटर लगने पर महिला मंडली ने यूएचबीवीएनएल की एसडीई मनिता कुमारी का आभार जताया। इस मौके पर निर्मला पारिक, सुनीता मोहन, वीना ग्रोवर, कविता देवी, सुदेश शर्मा, रमेश कुमार के साथ ग्रीवेंस कमेटी सदस्य जसबीर सैनी मौजूद रहे। वे लंबे समय से मीटर नहीं लगने के कारण परेशान थे। इसे लेकर पूर्व विधायक नरेश कौशिक, सांसद डॉ अरविंद शर्मा व मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भी गुहार लगाई थी।



बहादुरगढ़। एसडीई मनिता को सम्मानित करती महिला मंडली। फोटो :हरिभूमि

### स्वयंसेवकों को दी एनएसएस के महत्व की जानकारी

झज्जर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने पौधारोपण करते हुए पर्यावरण सरंक्षण का संदेश दिया। प्राचार्य अताउल्ला खान ने स्वयंसेवकों के साथ पौधारोपण करते हुए उन्हें पर्यावरण सरंक्षण के लिए प्रेरित किया। एनएसएस प्रभारी मंदीप व बीआरसी रमेश चौहान द्वारा विद्यार्थियों को एसएसएस के महत्व की जानकारी के अलावा स्वयंसेवकों के कर्त्तव्यों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। रविंद्र कौशिक ने स्वयंसेवकों को गुरुजनों व अभिभावकों के मार्गदर्शन में जीवन पर पथ पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





बहादुरगढ़। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा का स्वागत करते सतपाल राठी व अन्य। फोटो :हरिभूमि

### 10 दिवसीय 101वां 54 कुंडीय महायज्ञ संपन्न

- सांसद डॉ. अरविंद शर्मा और समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान आदि ने महायज्ञ में डाली पूर्णाहुति

बहादुरगढ़। सेक्टर-6 स्थित सामुदायिक केंद्र में आयोजित 10 दिवसीय 101वें 54 कुंडीय महायज्ञ का रविवार को पूर्णाहुति व आरती के साथ समापन हो गया। यज्ञ सम्राट श्री श्री 1008 हरिओम जी महाराज समेत तमाम साधु संतों ने पूरे विधि-विधान व मंत्रोच्चारण के साथ महायज्ञ में यजमानों से आहुति डलवाई। इस पर रक्तदान व विशाल नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया। शिविर का शुभारंभ करते हुए सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाया। शिविर में 88 यूनिट रक्त का संचय हुआ। हरियाणा समाज कल्याण बोर्ड की चेयरपर्सन सुमित्रा चौहान, भाजपा महामंत्री संदीप जोशी, सोनीपत के भाजपा जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. नीना सतपाल राठी, पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, नरेश भारद्वाज, सतीश छिकारा व दिनेश शेखावत आदि ने महायज्ञ में पूर्णाहुति डाली। वरिष्ठ भाजपा नेता सतपाल राठी के अनुसार इस दौरान क्षेत्रपाल की बलि दी गई। समापन पर कलश उठाने वाली महिलाओं को मां कामाख्या का सिंदुर व मां त्रिपुरा की एक प्रतिमा भेंट की गई। प्रसाद वितरण के साथ महायज्ञ संपन्न हुआ।

# स्वयंसेविकाओं को आसनों व प्राणायाम की दी जानकारी

झज्जर। पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेविकाओं को योग व ध्यान के महत्व से अवगत कराया गया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अन्नु देशवाल ने बताया कि आयुष विभाग से योगाचार्य बलदेव ने स्वयंसेविकाओं को योग, ध्यान व सूर्य नमस्कार व विभिन्न प्राणायामों की जानकारी देते हुए उन्हें योगाभ्यास भी कराया। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेविकाओं से भुजंगासन, सर्वांगासन, धनुरासन व सूर्य नमस्कार की जानकारी देते हुए उन्हें करने का सही तरीका समझाया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को मोबाइल का उपयोग अधिक न करने के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर डीपीई राजबीर देशवाल, संगीत प्राध्यापक ईश्वर, राजनीतिक शास्त्र प्राध्यापिका सिम्पल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। स्वयंसेविकाओं को योगाभ्यास कराते हुए आचार्य बलदेव। फोटो :हरिभूमि

# सरकार की योजनाओं के बारे में दी जा रही जानकारी



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते हुए आनंद सागर। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद सोमवार को जिला के नीलाहेड़ी, चांदोल, बोडिया, खेड़ी आसरा गांवों में पहुंची और लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ देते हुए जागरूक किया। यात्रा का गांव नीलाहेड़ी और चांदोल में जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, गांव बोडिया में रोहतक लोकसभा क्षेत्र के संयोजक आनंद सागर और खेड़ी आसरा में महिला विकास निगम की पूर्व चेयरपर्सन सुनीता चौहान ने स्वागत किया। आंनद सागर ने गांव बोडिया में लाभार्थियों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि इस यात्रा के माध्यम से केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं व फ्लैगशिप कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जा रही है जिससे सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि योजनाओं का लाभ एक समय में लोगों के सभी वर्गों तक पहुंच पा रहा है या नहीं। इस अवसर पर गांव बोडिया की सरपंच शर्मिला देवी, भाजपा एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष सतबीर सिंह एडवोकेट, केशव सिंगल सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### स्वयंसेवकों को प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया

# स्वयंसेवकों को किया जल संरक्षण के लिए प्रेरित

- स्वयंसेवकों को प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादरी तोए में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दूसरे दिन स्वयंसेवकों को प्रदूषण मुक्त पर्यावरण का संदेश दिया। इस दौरान रोहतक के पर्यावरण प्रेमी दीपक छारा साइकिल यात्रा करते हुए अपने साथी मुकेश नानकवाल के साथ स्वयंसेवकों के बीच पहुंचे। उन्होंने सुनो नहरों की पुकार मिशन के अंतर्गत जहां स्वयंसेवकों को पानी की महत्ता से अवगत कराया वहीं उन्हें जल सरंक्षण संबंधी शपथ भी दिलाई। मुकेश नानकवाल ने भी स्वयंसेवकों को जल को प्रदूषित करने वाले अनेक पदार्थों के बारे उदाहरण सहित जानकारी दी। विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र ने स्वयंसेवकों को जागरुक करने के लिए पर्यावरण प्रेमियों का आभार जताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी आशीष कादियान ने बताया कि दूसरे सत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। उसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस मौके पर सुनील कुमार, रविंद्र, नरेश व सुनील कुमारी सहित अन्य भी मौजूद रहे।



झज्जर। स्वयंसेवकों के बीच मौजूद पर्यावरण प्रेमी दीपक व मुकेश का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉक्टर राजेंद्र। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। विजेता खिलाड़ी अपने कोच हितेश देशवाल के साथ। फोटो :हरिभूमि

### स्कूली नेशनल गेम्स में पदक जीतने वाले मुक्केबाजों का किया स्वागत

झज्जर। महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित स्कूली नेशनल गेम्स से पदक जीत कर लौटे मुक्केबाजों का महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम पहुंचने पर स्वागत किया गया। इस दौरान सूरजभान जाखड़, अमित, नरेंद्र व सुनील आदि खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में उनके सेंटर से छह मुक्केबाजों ने भाग लिया था जिनमें से तीन खिलाड़ियों ने रजत पदक हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया है। विजेता मुक्केबाजों में नितिन कुमार 34 से 36 किलोग्राम भारवर्ग, साहिल डबास ने 63 से 66 किलोग्राम व अभिनव बल्हारा ने 66 से 70 किलोग्राम भारवर्ग में रजत पदक जीता। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अवैध वसूली करने का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने अवैध वसूली और मारपीट के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 30 दिसंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद कुतुबपुर निवासी रोहित को गिरफ्तार किया है।

**सूचना**

मैं, विनोद कुमार जैन पुत्र श्री जयनारायण निवासी मकान नम्बर 248/4, शंकर गार्डन, लाईनपार बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सन्दीप जैन, पुत्रवधु श्रीमती कमल कान्ता उर्फ राखी और पोती अनन्या मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

